TENDER HEART HIGH SCHOOL

कक्षा - 5 दिनांक

विषय - हिन्दी व्याकरण उपविषय - 'चित्रलेखन'
पुस्तक - भाषा किरण - 5 (पाठ-19)

Teacher : Ms. Roma Rani

विद्यार्थियो ! किसी चित्र को देखकर मन में पैदा होने वाले विचारों को लिखना 'चित्र-लेखन' कहलाता हैं। चित्र वर्णन के अंतर्गत विद्यार्थी किसी चित्र को देखकर उसमें निहित क्रियाओं, मूल्यों या घटनाओं का वर्णन अपने शब्दों में करते हैं। इससे उनकी कल्पना शक्ति, लिखने की क्षमता तथा सोचने-समझने की क्षमता का विकास होता हैं।

किसी चित्र का वर्णन करते समय विद्यार्थी अपनी पूर्व जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। चित्र को देखकर किसी प्रसिद्ध घटना या कहानी को अपने शब्दों में सुनाना या लिखना एक कला हैं। चित्र-लेखन लेखन क्षमता को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाता हैं।

Scanned with CamScanner

कक्षा - 5 दिनांक

विषय : हिन्दी व्याकरण, उपविषय : 'चित्र-लेखन'
पुस्तक : भाषा किरण - 5 (पाठ - 19)

Teacher : Ms. Roma Rani

चित्र-लेखन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

- चित्र-लेखन से पहले चित्र को अच्छी तरह से देखना चाहिए।
- चित्र में दिखाई देने वाली क्रियाओं के विषय में लिखना चाहिए।
- चित्र वर्णन करते समय सरल तथा सहज शब्दों का प्रयोग करना चाहिए।
- चित्र का वर्णन करते समय अपने विचारों को क्रमबद्ध्य तथा व्यवस्थित रूप से लिखने का प्रयास करें।

विद्यार्थियों! आपकी पुस्तक 'भाषा किरण' में 'चित्र-लेखन' पाठ - 19, पेज न. 118-120 पर दिया गया है। आप इन पेजों को ध्यान से पढ़ेंगे तथा समझेंगे। नीचे आपको एक चित्र दिया जा रहा है। आप उस चित्र को देखकर अपने मन में उठने वाले भावों तथा विचारों को कहानी या लेख के रूप में लिखो। जिसका सीधा संबंध्य चित्र से हो।

Scanned with CamScanner

Date

कक्षा - 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

पुस्तक : भाषा किरण उपविषय : 'चित्र लेखन'
(पाठ -19)

Teacher : Ms. Roma Rani

नीचे दिए चित्र को देखकर मन में उठने वालों भावों या विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त करें। (8-10 वाक्य लिखो)

सहायक शब्द- (बगीचा, फूल, चिड़िया, बच्चे, बेंच, गेंद, तितलियाँ, गुलाब, सुंदर, लोग)



Scanned with CamScanner

कक्षा - 5 दिनांक

विषय : हिन्दी व्याकरण उपविषय : 'चित्र-लेखन'

नोट – विद्यार्थी ये चित्र लेखन अपनी 'Hindi Language Notebook' में लिखेंगे

☆ अभिभावकों से अनुरोध है कि 'चित्र-लेखन' को लिखने में विद्यार्थियों की सहायता करें। विद्यार्थियों के मन में किसी शब्द या वाक्य को लेकर यदि कोई संदेह हो तो उसे दूर करने का प्रयास करें।

☆ विद्यार्थी पुस्तक 'भाषा किरण' में पेज न० (118-120) तक को अच्छे से पढ़ेंगे तथा पेज न० 119 पर दिए गए अभ्यास कार्य को पुस्तक में ही हल करेंगे।

Last Page

Scanned with CamScanner